दोस्त इसी के लिए होते हैं

ब्रिंटन टरकिल

थिओडोर हाथी जंगल के बीच में बैठा है.
अफ़सोस की बात है कि
उसके पैर में चोट लगी है.
आज थियोडोर जंगल के दूसरे छोर पर
अपने चचेरे भाई से मिलने जा रहा था.
"मैं क्या कर सकता हूँ?" थियोडोर ने कहा.
"मेरा चचेरा भाई जंगल के दूसरे छोर पर
रहता है, और यहाँ मैं जंगल के बीच में हूँ.
और मेरे एक पैर में चोट लगी है,
जिसकी वजह से मैं नहीं चल सकता."

"मुझे पता है कि मैं क्या करूँगा," थियोडोर ने कहा.
"मैं अपने दोस्तों की सलाह लूंगा.
दोस्त इसी के लिए होते हैं."
तभी थिओडोर की मित्र चिड़िया वहां आई.
"तुम यहाँ जंगल के बीच में क्यों बैठे हो?"
चिड़िया ने पूछा.

"क्योंकि मेरे एक पैर में चोट लगी है, और मैं नहीं चल सकता,” थियोडोर ने कहा, "अब मैं जंगल के दूसरे छोर पर अपने चचेरे भाई से मिलने नहीं जा सकता हूँ."

"अगर मेरा पैर खराब होता तो मैं जंगल के छोर तक उड़कर जाती," चिड़िया ने थियोडोर से कहा.

"सलाह देने के लिए तुम्हारी मेहरबानी," थियोडोर ने चिड़िया से कहा .

"दोस्त इसी के लिए होते हैं," चिड़िया ने कहा.

तभी थियोडोर का दोस्त आया,
लम्बे पैरों वाला डैडी लॉन्ग-लेग्स.
"तुम यहाँ जंगल के बीच में क्यों बैठे हो?"
डैडी-लॉन्ग-लेग्स ने पूछा.
“क्योंकि मेरे पैर में चोट लगी है
और मैं नहीं चल सकता.
और मैं उड़ नहीं सकता.
और मैं अपने चचेरे भाई से जंगल के
दूसरे छोर तक जाकर मिल नहीं सकता,”
थियोडोर ने कहा.

"अगर मेरा एक पैर खराब होता," डैडी-लॉन्ग-लेग्स ने कहा. "मैं फिर भी ज़रूर चल पाता - क्योंकि मेरे सात अन्य पैर हैं."

"सलाह देने के लिए तुम्हारी मेहरबानी," थियोडोर ने कहा.

"दोस्त इसी के लिए होते हैं," डैडी-लॉन्ग-लेग्स ने कहा.

थोड़ी देर में थिओडोर का दोस्त बंदर आया.
"तुम यहाँ जंगल के बीच में क्यों बैठे हो?"
बंदर ने पूछा.
"क्योंकि मेरे एक पैर में चोट लगी है.
और मैं नहीं चल सकता.
और मैं उड़ नहीं सकता.
और मेरे सात पैर नहीं हैं.
और मैं अपने चचेरे भाई से जंगल के छोर पर
जाकर मिल नहीं सकता," थियोडोर ने कहा.

"अगर मेरे पैर में चोट लगी होती" बंदर ने कहा, "तो मैं अपनी पूंछ की मदद से पेड़ों पर झूलते हुआ वहां जाता."

"ठीक है," थियोडोर ने कहा, "मेरी पूंछ बहुत कमजोर हो सकती है, लेकिन मेरी सूंड बहुत मजबूत है."

फिर थिओडोर ने अपनी सूंड की मदद से एक पेड़ की एक शाखा पकड़ी ...

धड़ाम!

दुर्घटना!

"ठीक है," थियोडोर ने कहा,

"तुम्हारी सलाह के लिए धन्यवाद."

"दोस्त इसी के लिए होते हैं," बंदर ने कहा.

फिर थिओडोर का दोस्त, केकड़ा आया.
"तुम जंगल के बीच में क्यों लेटे हो?" केकड़े ने पूछा.
"क्योंकि मेरे एक पैर में चोट लगी है.
और मैं नहीं चल सकता.
और मैं उड़ नहीं सकता.
और मेरे सात पैर नहीं हैं.
अपनी सूंड से मैं एक पेड़ से दूसरे तक
कूद नहीं सकता.
और अब मैं अपने चचेरे भाई से जंगल के
छोर पर जाकर मिल नहीं सकता," थियोडोर ने कहा.

"अगर मेरे पैर में चोट लगी होती," केकड़े ने कहा.
"तो मैं उस पैर से छुटकारा पाकर और एक पैर ऊगा लेता."
"तुम्हारी सलाह के लिए बहुत धन्यवाद," थिओडोर ने कहा.
"दोस्त इसी के लिए होते हैं," केकड़े ने कहा.

फिर थियोडोर का दोस्त, शेर आया.
"तुम यहाँ जंगल के बीच में क्यों बैठे हो?"
शेर ने पूछा.
"क्योंकि मेरे एक पैर में चोट लगी है.
और मैं नहीं चल सकता.
और मैं उड़ नहीं सकता.
और मेरे सात पैर नहीं हैं.
अपनी सूंड से मैं एक पेड़ से दूसरे पेड़ तक
कूद नहीं सकता.
और मैं दूसरा पैर उगा नहीं सकता.
और अब मैं अपने चचेरे भाई से जंगल के
छोर पर जाकर मिल नहीं सकता," थिओडोर
ने कहा.

"अगर मेरे पैर में चोट लगी होती," शेर ने कहा, "तो मैं इतनी ज़ोर से दहाड़ता कि पूरे जंगल में हर कोई मुझे सुनता और और यह देखने के लिए भागा आता कि आखिर मामला क्या था."

फिर शेर ज़ोर से दहाड़ा.

"कितना शोर है?" ओपस्सम ने पूछा.
वो अपनी पूंछ से उल्टा लटका हुआ था.
थियोडोर के सब दोस्तों ने अब एक साथ बातें
करनी शुरू की.
"थियोडोर उड़ नहीं सकता है," चिड़िया ने कहा.
"वो अपने चचेरे भाई को देखने के लिए जंगल
के छोर तक नहीं जा सकता है," शेर ने कहा.
"हमने उसे नेक सलाह दी है. दोस्त इसी के लिए
होते हैं."
"बकवास," ओपस्सम ने कहा. "दोस्त मदद
करने के लिए होते हैं. जल्दी जाकर थिओडोर के
चचेरे भाई को उसके पास लाओ."

फिर सभी दोस्त जंगल के छोर पर
थियोडोर के चचेरे भाई को खोजने गए.

और फिर वे चचेरे भाई को थियोडोर
से मिलवाने के लिए लाए.

फिर थिओडोर, उसके चचेरे भाई और सभी दोस्तों ने मिलकर एक पार्टी आयोजित की.

"आपकी सबकी मदद करने के लिए बहुत धन्यवाद," थियोडोर ने अपने दोस्तों से कहा.

"दोस्त इसी के लिए होते हैं." थियोडोर के दोस्तों ने कहा.

सलाह देना बहुत अच्छा होता है, लेकिन दोस्त, उससे कुछ अधिक कर सकते हैं. दोस्तों को हमेशा अपने दूसरे दोस्तों की मदद करनी चाहिए. दोस्त इसी के लिए होते हैं!

समाप्त